हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 5 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 21.9 डिग्री
न्यूनतम 5.2 डिग्री

11 ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में उतरे कर्मचारी



12 सांस्कृतिक महोत्सव में तृतीय रहा महिला विवि



## खबर संक्षेप

### रंजिश में तीन दोस्तों पर डंडों से हमला

**गोहाना।** रूखी गांव में कहासुनी की रंजिश को लेकर तीन दोस्तों की डंडों से पिटाई कर दी। यही नहीं उन पर सुंए से भी वार किया गया। युवक ने गांव के ही छह लोगों पर आरोप लगाया। इसको लेकर उसने बरोदा थाना में शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने नामजद आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। रूखी गांव निवासी सुमित ने पुलिस को बताया कि करीब 20 दिन पहले उसकी गांव के ही हरिओम के साथ आपस में कहासुनी हो गई थी। वह रविवार को अपने दोस्त सुमित व रवि के साथ गांव के राजकीय स्कूल में आयोजित रागिनी कार्यक्रम देखने गया था। जब वह कार्यक्रम देखकर अपने घर जाने के लिए स्कूल से बाहर आए तो वहां संदीप, लोकेश, अमन, लोकेश सिंह, अंकुश व हरिओम ने उनपर हमला किया।

### दुकान से नकदी व सामान चोरी, केस

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव खटकड़ में जरनल स्टोर से हजारों रुपये की राशि चोरी होने का मामला सामने आया है। सुभाष चंद्र ने बताया कि वह अपने घर पर ग्राउंड फ्लौर पर सरिता जरनल स्टोर के नाम से दुकान चलाता है। प्रथम तल पर परिवार के साथ रहता है। गत 2/3 की रात को करीब 12.15 को दुकान का शट्र खुलने की आवाज आई। उसके बाद 5-7 मिनट बाद फिर शट्र गिने की आवाज आई। उसने बालकानी में आकर देखा तो दो लड़के निकलकर सड़क पर जा रहे थे। उसने दुकान में आकर देखा गल्ले से 38 हजार रुपये गायब मिले।

### जलघर के कमरे से सीमेंट के कट्टे चारी

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर तिहाड़ कलां में सरकारी टेंडर के तहत बन रहे जल घर के पास कमरे से सीमेंट के कट्टे चोरी होने का मामला सामने आया है। गांव निदाना रोहतक निवासी पवन ने बताया कि कई महीनों से ललित ठेकेदार के पास काम करता है। हाल में सरकारी जलघर का गांव हसनयारपुर तिहाड़ कलां में का टैंडर ले रखा है। इस टैंडर के लिए गत 1 मार्च को देर शाम शिव मंदिर के पास बने कमरे पर 500 कट्टे सीमेंट के रखे हुए है। रात को किसी ने 250 कट्टे चोरी हो गए।

### रेल यात्रियों के मोबाइल व सामान चोरी

**सोनीपत।** दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग पर अलग-अलग ट्रेनों में सफर कर रहे दो यात्रियों के मोबाइल फोन व बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामलों की शिकायत जीआरपी पुलिस को दी। कामी सड़क मार्ग स्थित शिक्षण संस्थान निवासी राघुराम ने दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जीआरपी को शिकायत देकर बताया कि वह पश्चिमी एक्सप्रेस गाड़ी में सफर कर रहा था। रेलगाड़ी सोनीपत स्टेशन पर रूकी। उसी दौरान उसका मोबाइल फोन चोरी हो गया। ओडिशा निवासी बड़ाई कांता का बैग भी जेहलम एक्सप्रेस से चोरी हो गया।

---

**एसएमडीए के सीईओ ने ली बैठक, दिए दिशा-निर्देश**

# जलापूर्ति तथा बरसाती पानी की निकासी का प्रबंधन बेहतरीन होगा ड्रेन-6 के सौंदर्यकरण के साथ शहर की सड़कें भी होंगी चकाचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) के सीईओ के.एम. पांडुरंग ने कहा कि प्राधिकरण जिला के विकास को नई दिशा देगा। इससे सोनीपतवासियों को बेहतरीन सेवाएं मिलेगी। लघु सचिवालय में दोपहर बाद सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राधिकरण के सीईओ केएम पांडुरंग कर रहे थे।

### योजनाओं पर मंथन

उन्होंने विस्तार से प्राधिकरण की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि एसएमडीए की सीमाओं का निर्धारण किया जा चुका है, जिसे सरकार से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। अब प्राधिकरण विभिन्न परियोजनाओं को गति देगा। इसके लिए एसएमडीए का कार्यालय स्थापित किया जाएगा। शुरूआती दौर में कार्यालय किसी अन्य कार्यालय की बिल्डिंग में चलायेंगे, जिसे चिन्हित किया जा चुका है।

**सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण जिले के विकास को देगा नई दिशा : पांडुरंग**



### जिले के ये क्षेत्र शामिल

सीईओ पांडुरंग ने कहा कि खरखौदा, गन्नौर की सीमाओं के साथ गोहाना की ओर बड़वासनी तक का क्षेत्र प्राधिकरण की सीमाओं में शामिल है। सोनीपत को महानगर में परिवर्तित करने से लोगों को विभिन्न प्रकार की बेहतरीन सेवाएं व सुविधाएं मिलेगी। इसके लिए नगर निगम, एचएसवीपी तथा एचएसआईआईडीसी के माध्यम से सेवाओं को विस्तार देते हुए सुदृढ़ता प्रदान की जाएगी। सीवर, जलापूर्ति तथा बरसाती पानी की निकासी को और बेहतरीन करवायेंगे। सडकों का भी निर्माण करवाया जाएगा। खेल स्टेडियम, ड्रेन-6 का सौंदर्यकरण आदि के साथ सडकों के चौड़ीकरण पर भी काम किया जाएगा। खरखौदा विकास योजना को मजबूती देने के लिए विशेष रूप से कदम बढ़ायेंगे।

### रिपोर्ट तैयार करें

इसके लिए उन्होंने एसएमडीए की एडिशनल सीईओ को निर्देश दिए कि वे खरखौदा का दौरा कर रिपोर्ट तैयार करें। एसएमडीए के सीईओ ने निर्देश दिए कि सरकारी विभागों की जमीनों को भी चिन्हित करवायें। इसमें विशेष रूप से उस जमीन की रिपोर्ट तैयार करें जिनका कोई भी प्रयोग नहीं किया जा रहा है। साथ ही प्राधिकरण के तहत बड़ी विकास परियोजाओं को मूरत रूप दिया जाएगा। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने विभिन्न विकास परियोजनाओं पर विस्तार से मंथन करते हुए जरूरी सुझाव भी दिए। बैठक में एसएमडीए की एडिशनल सीईओ वीना हुड्डा, जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री, जिला नगर योजनाकार नरेश कुमार, एचएसवीपी के एक्सईएन पवन कुमार, एक्सईएन प्रशांत कौशिक, एक्सईएन पंकज गौड़, एक्सईएन मोहम्मद आशिक व नवीन गोयत, जीएम रोडवेज राहुल जैन, रोबिन बाटला व अन्य मौजूद रहे।

---

# रसायन शास्त्र, अकाउंटेंसी और लोक प्रशासन के पेपर में बेरोकटोक चली नकल

## एक निजी स्कूल का कर्मचारी ही अंदर पहुंचा रहा था नकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत


बेशक से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से इस बार नकल को रोकने के लिये कई तरह के प्रयास किए गए हैं, इसके बावजूद नकल के मामले रूक नहीं रहे हैं। हालांकि पिछली बार की तरह पेपर लीक की घटनाएं अब तक सामने नहीं आई हैं। इसके बावजूद अनुचित साधनों का इस्तेमाल जमकर हो रहा है। जिले में हरियाणा बोर्ड की 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सोमवार को रसायन शास्त्र, अकाउंटेंसी और लोक प्रशासन विषय की परीक्षा दी। अधिकतर परीक्षा केंद्रों पर पिछली बार की भांति जमकर नकल चली। खुलेआम युवक पर्चियां बनाते दिखाई दिए। बिना किसी रोक-टोक के नकल चलती रही।

### निजी स्कूलों में खेला

विशेषतौर पर निजी स्कूलों में बने परीक्षा केंद्रों पर पर्चियों का खेल चला। एक परीक्षा केंद्र पर आलम ये था कि परीक्षा शुरू होते ही कई परीक्षा केंद्र में कार्यरत कर्मचारी के माध्यम से ही नकल पहुंचाई जा रही थी। नकल करवाने के लिए युवा प्रश्नपत्र में पूछे गए प्रश्नों को जानने के लिए दीवार फांदकर खिड़कियों से झांकते रहे। कई परीक्षा केंद्रों पर पर्चियों पर प्रश्न लिखकर बाहर भेजने की भी बात सामने आ रही है। हालांकि शिक्षा अधिकारियों ने इस प्रकार की किसी भी बात से इनकार किया है।

**एक परीक्षा केंद्र के बाहर ये नजारा**







बता दें कि प्रदेश भर में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू हुई थी। परीक्षा शुरू होने के बाद से ही लगातार नकल के मामले भी सामने आ रहे हैं। सोमवार को जिले के सभी 84 परीक्षा केंद्रों पर 12वीं के विद्यार्थियों के लिये रसायन शास्त्र, अकाउंटेंसी व लोक प्रशासन विषय का पेपर हुआ। विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर नकल के मामले सामने आए हैं, हालांकि फ्लाइंग की पकड़ में एक भी मामला नहीं आया।

**हिंदी में पकड़े गए थे 14 नकलची:** इससे पहले शनिवार को 10वीं कक्षा का हिंदी विषय का पेपर हुआ था। शिक्षा बोर्ड की तरफ से गठित की गई फ्लाइंग टीमों ने जिले में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। बोर्ड सचिव के उड़नदस्ते ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए 14 विद्यार्थियों को नकल करते पकड़े थे, जिनके यूएमसी बनाए गए हैं। कई परीक्षा केंद्रों के बाहर युवाओं का जमावड़ा लगा रहा। युवा दीवारों पर चढ़कर खिड़कियों के सहारे पर्चियां डालने के लिए भागदौड़ करते रहे।

### एक बार नकल पहुंचाने के 500 रुपये

सोमवार को परीक्षा के दौरान एक निजी स्कूल का कर्मचारी ही नकल में संलिप्त मिला। मीडिया के कैमरे में स्कूल का कर्मचारी नकल पहुंचाता पकड़ा गया। सेंटर से मात्र 10 कदम दूर नकल बनाकर स्कूल कर्मचारी के माध्यम से ही नकल अंदर पहुंचाई जा रही थी। स्कूल के मुख्य गेट पर भी युवक खड़े दिखाई दिए। पता चला है कि सांठ-गांठ कर नकल परीक्षा केंद्र तक पहुंचाई जा रही थी। यहां 1 बार नकल पहुंचाने के 500 रुपये वसूले जा रहे थे।

---

## तत्कालीन सिविल सर्जन और महिला डॉक्टर जांच में शामिल

**सोनीपत।** एक व्यक्ति द्वारा फर्जी कागजात बनवाकर हाउसिंग बोर्ड, हुडा में प्लॉट लेने व फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र बनवाने के साथ सरकारी नौकरी पाने के मामले में नया मोड़ आया है। कोर्ट के आदेश पर तत्कालीन सिविल सर्जन जसवंत पुनिया व महिला डॉक्टर को इस मामले में सिटी थाना पुलिस ने शामिल तफ्तीश किया है। अब डॉक्टर जसवंत पुनिया व महिला डॉक्टर से पूछताछ की जाएगी और पता किया जाएगा कि इनकी संलिप्तता है या नहीं। जांच अधिकारी बलवान ने बताया पूछताछ के बाद ही सच्चाई का पता चलेगा।जानकारी के अनुसार सोनिया पुत्री राजसिंह रायपुर ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उसकी शादी शास्त्री कालोनी सोनीपत में आरोपी व्यक्ति के साथ हुई थी। उसके पति ने अपने पिता के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा करके करोड़ो रुपए की धोखाधड़ी की है। पति की जन्मतिथि एक जनवरी 1984 है, जबकि ससुर ने अपने बेटे की जन्मतिथि एक जनवरी 1982 करवाकर सबसे बड़ी धोखाधड़ी हाउसिंग बोर्ड हरियाणा सोनीपत में की। एक प्लॉट जनरल केटेगरी के तहत लिया गया।जिसमें आरोपी की जन्मतिथि एक जनवरी 1982 दर्शाई गई। इसकी फोटो कॉपी आरटीआई के तहत ली गई। आरोप लगाया पति ने अपने पिता के साथ मिलकर 100 प्रतिशत स्वस्थ होते हुए भी नागरिक अस्पताल से हेंडीकेप्ट सार्टिफिकेट फर्जीवाड़ा के तहत बनवाकर हेंडीकेप्ट कोटे के तहत हाउसिंग बोर्ड फरीदाबाद व हुडा फरीदाबाद में दो प्लॉट लिए। दोनों प्लॉट के लिए दो हेंडीकेप्ट सर्टिफिकेट एक 90 प्रतिशत व दूसरा 85 प्रतिशत दिया। इनकी कॉपी प्राप्त की गई। आरोप लगाया यही नहीं पति ने अपने पिता के साथ मिलकर जिला शिक्षा अधिकारी सोनीपत व स्कूल प्रबंधन के साथ मिलीभगत करके स्कूल से अनुभव प्रमाण पत्र बनवाया। ससुर डीईओ कार्यालय में ड्राइवर था, आरोप लगाया इन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए एक ही समय ओर एक वर्ष के अनुभव प्रमाण पत्र पर अपने बेटे को नोकरी दिलवाई। निजी स्कूल में टीचर के पद पर कार्यरत होते हुए ओपन स्कूल डिस्ट्रिक्ट सोनीपत 10 वी के फार्म भरकर अपनी जन्मतिथि एक जनवरी 1989 करवा ली। आरोप लगाया इस तरह से फर्जीवाड़ा व धोखाधड़ी की गई। मामले की शिकायत मंत्री अनिल विज को भेजी थी। पुलिस ने इस शिकायत पर 5 अक्टूबर 2022 को 420, 467, 468, 471 के तहत एफआईआर दर्ज की थी। शिकायत कर्ता ने मिलीभगत का आरोप सिविल सर्जन , जिला शिक्षा अधिकारी , स्कूल प्रबंधन सहित कई पर लगाए थे। अब इस मामले में पुलिस ने तात्कालीन सिविल सर्जन डॉक्टर जसवंत पुनिया व एक महिला डॉक्टर सुमन माथुर को शामिल तफ्तीश किया है।



■ कोंट ने दोनों को जांच में शामिल करने के दिया आदेश

## रोडवज डिपो को चार बसों की सौगात

**सोनीपत।** रोडवेज विभाग की तरफ से सोनीपत डिपों के लिए चार नई बसों की सौगात देने का काम किया है। ताकि जिला वासिसों को रोडवेज विभाग की लॉरी में बेहतर यात्रा मिल सके। विभाग की तरफ से बसों पर सड़कों पर यात्रियों के लिए उपलब्ध करवाने लिए कागजी कार्यवाही पूरी होने के बाद सड़कों पर यात्रियें के लिए उतारा जायेगा। वहीं हाल में विभाग की तरफ से जिले से अलग-अलग जिलों व प्रदेशों के लिए रोडवेज की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। बता दें कि सोनीपत डिपों में मौजूदा हाल में विभाग से मिली कुल 109 बसें लोगों को गांव से लेकर दूसरे जिलों सहित प्रदेशों की यात्रा करवा रही थी। वहीं डिपों में 32 बसे किलो मीटर स्कीम के तहत तैनात है। विभाग की तरफ से सोनीपत डिपों के लिए चार नई बसों की सौगात देने का काम किया है। उक्त बसों को अलग-अलग रूटों पर तैनात किया जायेगा।

---

## वेयरहाउस से दो लाख 50 हजार की किताबें चोरी करने का आरोपित काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में वेयरहाउस से कीमती किताबें चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गोपाल निवासी कन्नौज रायपुरा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। प्रभात शेखर ने गत 9 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनके वेयर हाउस में कई प्रकार की पढ़ाई करने किताबें है। वेयर हाउस में गत दिनों पहले चोरी होने का शक हुआ। सामान की जांच करने के लिए वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली तो गत 14 जनवरी को एक गार्ड किताबों के रैक के पास जाकर निगरानी कर रहा है। उसके बाद किताबों को उठाकर बाहर लेकर चला जाता है। चोरी किए कुछ किताबों के बाक्स की कीमत दो लाख 50 हजार रुपये की है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।



## अयोध्या में लंगर वितरण के लिए दूसरा जत्था रवाना

**गोहाना।** श्री सति भाई सांई दास सेवा दल का 9 सदस्यों का जत्था सोमवार को अयोध्या के लिए रवाना हो गया। वहां यह जत्था सेवा दल द्वारा संचालित लंगर के वितरण की सेवा का कार्य करेगा। कलानौर स्थित श्री सति भाई सांई दास के गद्दीनशीं महंत राम सुख दास जी की प्रेरणा से अयोध्या में 26 जनवरी से 24 मार्च तक के लिए भंडारा चलाया जा रहा है। इस भंडारे में रामलला के दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए तीन समय के भोजन और चाय की व्यवस्था होती है। इसी लंगर के वितरण के लिए गोहाना से श्री सति भाई सांई दास सेवा दल का दूसरा जत्था गया है। इस जत्थे को गोहाना के बस स्टैंड से सेवा दल की गोहाना इकाई के अध्यक्ष हरीश चुघ ने रवाना किया। जत्थे में कंवल चुघ, कृष, महिपाल, हरीश कुमार, स्पर्श, भव्य, अनुराग, भावुक चुघ और कमल गए। इससे पहले भी इस सेवादल का एक जत्था अयोध्या में सात दिन लंगर वितरण की सेवा कर चुका है।

## कीर्ति चक्र विजेता शहीद कैप्टन दीपक शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**खरखौदा।** कीर्ति चक्र विजेता शहीद कैप्टन दीपक शर्मा के शहीदी दिवस के अवसर पर उनके पैतृक गांव बिधलान में हवन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके अलावा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 115 मरीजों की आँखों की जांच गई और जरूरतमंदों को दवाइयां दी गई। इस अवसर पर डॉ दिनेश शर्मा, जगत सिंह गिल ने लोगों को नेत्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिस पर 8 लोगों ने आँखे डोनेट करने का संकल्प लिया। नेत्रदान का संकल्प लेने वालों में डॉ. सुरेश कुमार गौड़ व राजकुमार दहिया प्रमुख रहे। मिथलेश हुड्डा ने विशेषकर गांव में औरतों को नेत्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर पूर्व कार्यकारी अभियंता धर्मबीर दहिया, अंग्रेज गोरड़, रणबीर भटगांव, पूर्व सरपंच देवेंद्र बिधलान, शिव कुमार गौड़, प्रिंसिपल दीपक आंतिल, मुन्ना नम्बरदार, राजसिंह व गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। शहीद कैप्टन दीपक शर्मा मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट ने हर साल ऐसा शिविर आयोजित करने की घोषणा की।

---

**प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने पर छह फैक्ट्रियों को सील किया गया था**

# एसडीएम ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सील की गई फैक्ट्रियां जांची, एक खुली मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

■ विभाग से एनओसी मिलने के बाद खोली फैक्ट्री

प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने पर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सील की गई फैक्ट्रियों की जांच के लिए गठित की गई टीम एसडीएम डा. निर्मल नागर के नेतृत्व में औद्योगिक क्षेत्र में पहुंची। जांच के दौरान छह में से पांच फैक्ट्रियां सील पाई गई, जबकि एक फैक्ट्री चलती हुई पाई गई। जांच में सामने आया कि फैक्ट्री प्रदूषण विभाग द्वारा जारी की गई एनओसी की वजह से दोबारा खोली गई है। इस पर एसडीएम ने फैक्ट्री संचालक को एनओसी लेकर उनके कार्यालय में पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को एसडीएम डा. निर्मल नागर के नेतृत्व में बिजली निगम के एक्सईएन अश्वनी कौशिक के अलावा प्रदूषण विभाग एवं उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अधिकारियों की टीम बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में पहुंची।



### किया जवाब-तलब

टीम ने औद्योगिक क्षेत्र में उन छह फैक्ट्रियों की जांच की जिन्हें प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने पर सील किया जा चुका था। इस दौरान 16 नंबर फैक्ट्री खुली हुई पाई गई। जिस पर एसडीएम निर्मल नागर टीम के साथ फैक्ट्री में पहुंचे और वहां मौजूद लोगों से जवाब तलब किया। इस दौरान सामने आया कि फैक्ट्री प्रदूषण विभाग द्वारा जारी की गई एनओसी की वजह से दोबारा खोली गई है। एसडीएम निर्मल नागर ने फैक्ट्री संचालक एनओसी सहित कार्यालय में प्रस्तुत होने के आदेश दिए हैं।बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण करने से पहले एसडीएम ने अपने कार्यालय में प्रदूषण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक भी की। इस दौरान उन्होंने बताया कि कामी रोड पर एक फैक्ट्री की काफी शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को फैक्ट्री की जांच करने के आदेश दिए। इसके अलावा उन्होंने प्रदूषण विभाग के अधिकारियों से कामी रोड पर खुल चुकी सभी फैक्ट्रियों की एनओसी व अन्य कागजात उन्हें प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए हैं।

### विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी को नोटिस

सील की गई फैक्ट्रियों की जांच के लिए गठित टीम में प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी को उपस्थित होना था, लेकिन उन्होंने खुद उपस्थित होने की बजाय अपने एसडीओ रविंद्र यादव को भेज दिया। इस पर एसडीएम डा. निर्मल नागर ने क्षेत्रीय अधिकारी को नाटिस जारी करने के आदेश दिए हैं।

---

## सीवरेज जाम, घरों में घुसा दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ भाजपा नेता ने किया मौके का मुआयना, लोगों ने मांगा स्थायी समाधान

बावा कॉलोनी के साथ लगती जमीन में रेलवे द्वारा दीवार खड़ी करने तथा सीवर जाम होने के कारण कॉलोनी के घरों में पानी घुस गया, कॉलोनी वासी नगर निगम के अधिकारियों से गुहार लगाकर थक चुके थे परन्तु कोई समाधान नहीं हुआ। सोमवार को मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन मौके पर पंहुचे और निगम के अधिकारियों को फोन करके समस्या के समाधान के निर्देश दिए। निगम की टीम मौके पर पंहुची और सीवर लाइन को चेक किया तो पाया कि एक मैनहोल सड़क के नीचे दबकर जाम हो चुका है। निगम के कर्मचारियों ने कॉलोनी वासियों को अस्थायी राहत देने के लिए सेफ्टी टैंक मंगवाकर सीवर का गन्दा पानी निकलवाने का काम शुरू किया और कहा कि कल मैनहोल को उखाड़कर समस्या का स्थायी समाधान करवा दिया जायेगा। कॉलोनी वासियों ने भाजपा नेता को बताया कि पहले सीवर का ओवरफ्लो गंदा पानी रेलवे की जमीन में निकल जाता था परन्तु दीवार बनाने के लिए मिट्टी के ढेर लगाने से पानी की निकासी बंद हो गई है। कॉलोनी वासियों ने समस्या के स्थायी समाधान की मांग उठाई




**सोनीपत।** बाबा कॉलोनी में निरीक्षण करते भाजपा नेता राजीव जैन।

# साहित्य

*संसार में छल, प्रवंचना और हत्याओं को देखकर कभी-कभी मान ही लेना पड़ता है कि यह जगत ही नरक है। स्त्री जिससे प्रेम करती है, उसी पर सर्वस्व वार देने को प्रस्तुत हो जाती है। मनुष्य दूसरों को अपने मार्ग पर चलाने के लिए रुक जाता है, और अपना चलना बंद कर देता है। दरिद्रता सब पापों की जननी है तथा लोभ उसकी सबसे बड़ी संतान है।*

**-जयशंकर प्रसाद**



*उस पार कुछ शोर था जो इस पार तक चला आया। मैंने भी कुछ सुना। सरिता बहू गाँव से लापता हो गई। सबने कहा भाग गई किसी के साथ। गाँव बिरादरी बदनाम कर। एक दिन पिताजी की नाव में बैठा मैं जल को देख रहा था कि तभी उनके हाथ में थमे लम्बे बांस से कुछ टकराया।*



कहानी | दिव्या शर्मा

# नदी खामोश हो गई

तुम लौट आए बिट्टू, कितनी प्रतीक्षा कराई। एक रहस्यमयी सी आवाज़ पेड़ के झुरमुटों से निकल मेरे कानों में पसर गई। कदम जैसे रुक गए। अपनी नजरों को आवाज़ की ओर भेज इंतजार करने लगा आवाज़ की सूरत देखने का। अभी नजर ने चेहरे को छुआ भर था कि खनक फिर सुनाई दी

'इतने वर्षों में तुम्हें एक बार भी मेरी याद न आई!' दिल धड़का और जोर से धड़का। हथेलियों पर पसीना बहने लगा। मैंने पसीने को दूर झटक दिया। स्वर में कुछ कठोरता भर प्रश्न किया,



'कौन हो तुम?'

"हा..हा...मैं एक स्त्री हो सकती हूँ एक अप्सरा या एक यक्षिणी...लेकिन तुम कौन हो? मेरे एकांत में यूँ घुसपैठ क्यों कर रहे हो?" मेरे सवाल के जवाब में उसका उतरा सवाल दिल के अंदर कुछ खोदने लगा।

'मैं पुरुष, प्रेत या यक्ष ...कुछ भी हो सकता हूँ। तुम्हारे एकांत में घुसपैठ का इरादा नहीं, लेकिन तुम्हारी आवाज़ मेरे दिल में अतिक्रमण कर चुकी है। बस एक बार सामने आओ...कौन हो तुम? इस वीराने में इस अंधकार के बीच यहाँ।'

'वीराना इतना बुरा तो नहीं! वैसे बहुत समय लगा दिया यहाँ तक आने में!कहाँ छोड़ आए थे खुद को?'

'हाँ...जैसे एक शताब्दी बाद लौटा हूँ इन जंगलों में, पर देख रहा हूँ कुछ बदल गया है। मेरा बचपन जिन दरख्तों के साथ खेला था वह अब कहीं गुम हो गए हैं। तुमने देखे वह दरख्त?' मेरा इतना कहना भर था कि एक सिसकी हवा में उड़ने लगी। मैंने अपने दोनों हाथों को आसमान की ओर उछाला और सिसकी को मुठ्ठियों में कसकर दबोच लिया।

'छोड़ दो बिखर जाने दो इसे। शायद मेरा दर्द कोई सुन ले।' वह आवाज़ उदास हो बोली।

'मुझे कहो मैं सुन रहा हूँ न!' मैंने कहा तो एक खामोशी चारों ओर पसर गई। उसकी जकड़न धीरे धीरे मेरा दम घोंटने लगी।मेरी बेचैनी मेरे माथे पर पसीने सी उभर आई।

'चुप क्यों हो गई! मेरा दम घुट रहा है। कुछ बोलो...कुछ बोलो।' मैं लगभग चीख पड़ा।

लेकिन वह आवाज़ वहाँ नहीं थी। एक हवा मुझे छूने लगी। उसका स्पर्श मेरी देह पर कुछ लिखने लगा।

'मैं तुम्हें अपने करीब देखना चाहता हूँ।' मेरे स्वर में याचना थी किन्तु खामोशी अब भी मेरे करीब थी। न तो सूरज था और न ही चाँद। लालिमा थी जाने किसने सिंदूर बिखेरा था।

मैं पीछे लौटने लगा।इतना पीछे की मेरे पैर घुटने से मुड़ गए। घास पर रेंगते जैसे चौपाया बन गया।

हाँ घास ही तो थी मखमली सी। मखमली घास पर ही तो बैठा हूँ मैं फिर मेरे कदमों के नीचे यह कांटे! आह तुम कौन सी मखमली घास की बात कर रही थी एक बार तो कह देती।

'ऐ बिट्टू...चल नहला दूँ तुझे। आ जा मेरा राजा बेटा।' दो हाथों के बीच मैं नदी के किनारे शीतल जल में भीगने लगा। माँ के दो हाथ। जल! मेरे चारों ओर जल...! माँ ने अपनी कमर पर मुझे बैठाकर एक मटका सिर पर रख लिया और चल पड़ी। नदी ने जोर से अपने आँचल को हिलाया।

अब मैं खुद नहाना सीख गया था। नदी में गोता लगाकर उस पार जाना भी। उस पार रहती थी सरिता बहू। मैंने सुना था वह अकेली थी। किसी ने उसके पति को मारकर नदी में डाल दिया था। वह रोज नदी किनारे आती थी। लोग कहते थे थोड़ी बावली हो गई है। उसे लगता है कि उसका मरद नदी से एक दिन बाहर निकल कर आएगा। नदी सरिता के सामने खामोशी से बहती थी। सरिता बहू भी तो खामोश रहती थी, लेकिन मुझे कुछ न कुछ खाने को पकड़ा देती थी। एक रिश्ता जुड़ गया था मेरा सरिता बहू के साथ।

'बिट्टू, अगर एक दिन मैं तुझे यहाँ न मिलूं तो तू मुझे खोजेगा?' एक दिन सरिता बहू ने कहा।

'तुम कहीं जा रही हो क्या सरिता बहू?' उसकी बात कुछ अजीब लगी मुझे।

'बहू क्यों बोलता है रे पागल! तुझसे बड़ी हूँ मैं।' मेरे सिर पर हाथ मारकर वह बोली।

'सब बहू बोलते हैं तो मैं भी बोलता हूँ और मुझे अच्छा लगता है।' इतना कहकर मैंने नदी में छलांग लगा दी और अपने गाँव की ओर तैर चला।

नदी बहती रहती। मेरा बचपन बीत रहा था और बीत रहा था जैसे नदी का यौवन।

देख रहा था कि पास खड़े दरख्तों पर चहचहाते पक्षी बार बार नदी की ओर रुख करते और फिर आसमान को छूते हुए वापस डाल पर बैठ जाते। उनके रास्ते कुछ लम्बे थे। वैसे इतना सरल भी नहीं होता लम्बे रास्तों पर चलना। मैं उड़ना चाहता था इसलिए अक्सर चलते हुए चला आता था नदी के इस दरख्त के नीचे।' नदी में आज फिर कोई मरा जानवर डाल गया।' आटे में अपनी उंगलियों को धंसा कर माँ ने कहा

'उसकी पवित्रता भंग करने पर तुले हैं लोग। कैसे बचेगी नदी! एक दिन देखना दुनिया ढूंढती रह जाएगी, लेकिन नदी खुद को सिकोड़कर नष्ट कर लेगी।' पिताजी की आवाज़ में रोष था। इतनी विशाल नदी खुद को कैसे सिकोड़ सकती है। इस प्रश्न का उत्तर मैंने बहुत तलाशा। अपनी दूसरी कक्षा की पुस्तकों में मैंने सूरज चंदा और नदी को देखा लेकिन उत्तर नहीं मिला। उस पार कुछ शोर था जो इस पार तक चला आया। मैंने भी कुछ सुना। सरिता बहू गाँव से लापता हो गई। सबने कहा भाग गई किसी के साथ। गाँव बिरादरी बदनाम कर। एक दिन पिताजी की नाव में बैठा मैं जल को देख रहा था कि तभी उनके हाथ में थमे लम्बे बांस से कुछ टकराया। उन्होंने जाल डालकर देखा। एक गली हुई देह नदी से बाहर निकली।

*"सरिता..! हे भगवान तो नदी ने शरण दी इसे।' किनारे पर शोर सुनाई देने लगा। 'मर गई कुलक्षिणी...पेट के बच्चे को लेकर ही डूब गई।' यह शांता ताई थी।'मरती नहीं तो क्या करती। जाने किसके नीचे न जाने कितनी बार सोई होगी करमजली।' यह मुन्नी काकी थी। जिसकी छातियों पर फूल बना था।*

*'मैंने बस एक बार कलाई पकड़ी थी इसकी। मटका सिर पर मार दिया था मनहूस ने। खुद को बड़ी पारसा समझती थी।' उस लाल दाँत वाले आदमी ने कहा। कितनी मुँह कितनी बात।मेरे कान सुन रहे थे और मेरी आँखें सरिता बहू की निर्जीव देह पर टिकी थी। मैंने खोजा क्यों नहीं सरिता बहू को! आत्मग्लानि से हृदय रोने लगा।"*

'सरिता..! हे भगवान तो नदी ने शरण दी इसे।' किनारे पर शोर सुनाई देने लगा। 'मर गई कुलक्षिणी...पेट के बच्चे को लेकर ही डूब गई।' यह शांता ताई थी।

'मरती नहीं तो क्या करती। जाने किसके नीचे न जाने कितनी बार सोई होगी करमजली।' यह मुन्नी काकी थी। जिसकी छातियों पर फूल बना था।

'मैंने बस एक बार कलाई पकड़ी थी इसकी। मटका सिर पर मार दिया था मनहूस ने। खुद को बड़ी पारसा समझती थी।' उस लाल दाँत वाले आदमी ने कहा। कितनी मुँह कितनी बात।मेरे कान सुन रहे थे और मेरी आँखें सरिता बहू की निर्जीव देह पर टिकी थी। मैंने खोजा क्यों नहीं सरिता बहू को! आत्मग्लानि से हृदय रोने लगा। मैं चिल्लाने चाहता था लेकिन भीड़ बहरी थी लेकिन वाचाल खूब थी।

'पवित्रता भंग करने वाले को कुछ नहीं कहोगे तुम लोग? सब जानते हो इस बच्ची के साथ क्या हुआ लेकिन इसे ही दोष दे रहे हो!' पिताजी जोर से चिल्लाए। पर किनारे खड़ी आवाजों के शोर में पिताजी की आवाज़ दब गई।

'पवित्रता नष्ट हो गई सरिता की...अब गाँव को शाप लगेगा। प्रकृति बदला लेगी।' मुझे घसीटते चलते पिताजी लगातार बड़बडा रहे थे। एक बात मैं समझ गया था कि पवित्रता नष्ट होने पर सरिता आत्महत्या कर लेती है। गाँव को शाप लगता है।मैंने नदी को देखा। उसके जल में मरा हुआ जानवर अब भी पड़ा था। पिताजी का हाथ छुड़ाकर मैं नदी की ओर भागा। उस जानवर को खींचने की कोशिश करने लगा।

'यह कह कर रहा है? तेरी हथेलियों में दुर्गंध बस जाएगी।' उन्होंने मेरे हाथों को झटकते हुए कहा।

'नदी की पवित्रता नष्ट न हो पिताजी। हमें बचाना होगा न नदी को। यदि आत्महत्या कर ली तो!' मैंने अपनी शंका रखी। 'तेरी हथेलियों पर दुर्गंध लग गई देख कैसी मलिन!' पिताजी मेरी हथेलियों को नदी के जल से धोने लगे।

'दुर्गंध को नदी कैसे हटाएगी? वह तो अपवित्र हो गई न! सरिता दीदी की बहू की तरह।' सवाल पिताजी के कानों में आया तो वह लड़खड़ा गए। मेरी हथेलियों को झटक नदी में पड़े जानवर को खींच कर दूर फेंक दिया।

तभी एक हुजूम हमारे निकट उमड़ आया और जोर से चिल्लाया।

"छी मलेच्छों...तुमने बिरादरी की नाक कटा दी। लाश ढोने का काम कर जाति का त्याग कर दिया!"

,मैंने बस नदी को बचाया है ताकि तुम्हें जल मिलता रहे।' पिताजी बोले।

'नदी की नियति है सबकी विष्ठा को ग्रहण कर मानव जाति का कल्याण करे लेकिन तुमने अपने संस्कारों की हत्या कर दी। अब तुम हमारे बीच रहने योग्य नहीं।तुम्हारा त्याग किया जाता है।' एक आदमी बीचों-बीच खड़े होकर बोला।

*शेष अगले अंक में...*

*(लेखिका वरिष्ठ कहानीकार हैं)*

कविता | मनीषा मंजरी



## कण-कण में प्रेम

शब्दों में प्रेम को बांधे भी तो कैसे,
अलौकिक एहसास की महत्ता को जाने भी तो कैसे
जीवन के प्रारंभ की आधारशिला है प्रेम,
जीवन की समाप्ति का आकाश भी है ये प्रेम
कहीं तर्पण में समर्पित सा है प्रेम,
तो कहीं तपस्या में जप बनकर गूंजता है प्रेम
प्रकृति के कण-कण में समाहित है प्रेम,
ऊर्जा बन जीवन को सक्रिय बनाता है ये प्रेम
कुछ मानते विकल्प, परन्तु संकल्प है प्रेम,
कोरी भावना नहीं एकमात्र वास्तविकता है प्रेम
विश्वास की संचित धरोहर सा भी है प्रेम,
निष्ठा के अटूट धागों में पिरोया गया है ये प्रेम।
हम सवालों में ढूंढ़ते है प्रेम, पर जवाब बनकर
हर क्षण समक्ष रहता है ये प्रेम।
ना बिम्ब, ना आलम्बन, लक्षणा, ना व्यंजना है प्रेम,
आभास और कल्पना से भी परे है ये प्रेम
कहीं एक रस, तो कहीं एक भाव में रंगा मिलता है प्रेम,
एक सुर, एक ताल में बंधा रहता है ये प्रेम
कृष्ण का विराट स्वरूप है प्रेम,
तो सूक्ष्म ब्रह्मांड के उदाहरण में है ये प्रेम
मुझमें समाहित आत्मतत्व है प्रेम,
और तुझमें निहित परम तत्व भी है ये प्रेम।

दोहे | योगेन्द्र वर्मा 'व्योम'



यह कोई प्रारब्ध है, या किस्मत का कोप।
सच ने झेले उम्र-भर, नित झूठे आरोप।।

दीख नहीं पाता कभी, कोशिश करें हजार।
मात-पिता की डाँट में, छिपा हुआ वो प्यार।।

किंकर्तव्यविमूढ़-से, हो जाते उपहास।
करती जब अट्टालिका, मिट्टी का एहसास।।

अय्यारी-मक्कारियाँ, छलछंदों की देख।
अधिकारों ने भी पढ़े, स्वार्थ पगे आलेख।।

कथनी तो कुछ और पर, करनी है कुछ और।
इस युग का सिरमौर है, दुहरेपन का दौर।।

समझ नहीं कुछ आ रहा, हुई कहाँ है चूक।
दिखी न आपस में कहीं, भीतर उठती हूक।।

लगन, समर्पण और श्रम, सारे हैं हैरान।
चाटुकारिता को मिला, 'श्रेष्ठ कर्म सम्मान'।।

मिले हमें स्वाधीनता, हुए छियत्तर वर्ष।
खत्म न लेकिन हो सका, 'हरिया' का संघर्ष।।


खींचतान चलती रही, जीकर हर बैराग्य।
बता रहीं उपलब्धियाँ, अपना-अपना भाग्य।।

आश्वासन हैं रोपते, सपनों में विश्वास।
किन्तु अधूरापन लिए, जीवित फिर भी आस।।

कविता | अंबिका कुमारी कुशवाहा



## जिद्दी सी लड़की



डायरी पर पड़ती नजरों से,
गुस्सा किया करती,
एक शांत...
जिद्दी सी लड़की।

प्रेमी संग वर्तालापों,
वर्तालापों की बेवजह
शर्तों पर,
प्रेम–प्रस्ताव ठुकरा
देती,
एक स्वाभिमानी...
जिद्दी सी लड़की।

बगीचें में खड़ी दरख्तों,
दरख्तों पर बसी पक्षियों से,
मधुर संवाद करती,
एक भोली–भाली...
पर जिद्दी सी लड़की।

अलमारी में संजोए कपड़ों,
कपड़ो के बीच रिक्तियां में,
किताबों की तह लगाती,
एक पढ़ाकू...
जिद्दी सी लड़की।

बहुल रंगों की कलमों,
कलामों के भिन्न रंगों से,
श्वेत पन्नों पर कैनवास
बनाती,
एक कलाकार...
जिद्दी सी लड़की।

बरसों पुरानी किताबों,
किताबों की चूक से फटे पन्नों
से,
घंटों दिल छोटा करती,
एक मासूम...
जिद्दी सी लड़की।
एकांत में लिखी अपनी डायरी,

दुनिया भर की शिकायतों,
शिकायतों से बेमतलबी,
अपनी धुन में ही रहती,
एक बेपरवाह...
पर जिद्दी सी लड़की।

लोगों के कड़वे सवालों,
सवालों के जवाबों को,
खरी–खरी सुना दिया करती,
एक बेखौफ,
जिद्दी सी लड़की....

समाज की बंदिशों पर,
रूढ़िवादी बेड़ियों पर,
नासूर बन चोट किया करती,
एक साहसी...
जिद्दी सी लड़की।

अपने जीवन के हिस्सों में,
खुला आसमान चुनती
जिद्दी सी लड़की।।

**जाखड़ मानते हैं कि साहित्य के नए लेखक बढ़े हैं, लेकिन पाठकों की रुचि बेहद कम हो रही है, यहां तक कि विश्वविख्यात साहित्य श्रीमद्भगवद्गीता, महाभारत और रामायण जैसे ज्ञानवर्धक साहित्य से रुचि कम होने से समाजिक परिवेश भी प्रभावित हो रहा है। सोशल इंटरनेट के कारण संस्कृति और अनुशासन से दूर होना एक सभ्य समाज के लिए घातक और चिंताजनक है।**

साक्षात्कार | ओ.पी. पाल

# साहित्य के बिना सामाजिक समरसता संभव नहीं: अशोक

साहित्यकार एवं कवि अशोक जाखड़ ने देश की सुरक्षा के प्रहरी की भूमिका निभाने के साथ ही जुनूनी साहित्य साधना की है। साहित्य के क्षेत्र में श्रीमदभागवद् गीता में विद्यमान शब्दों के अर्थों को हरियाणवी एवं हिंदी के सरल शब्दों में बदलकर श्रीमदभागवद् भजनावली नामक एक आध्यात्मिक कृति की रचना करके चर्चा में आए जाखड़ ने दीनबंधु सर छोटूराम के पूरे जीवन दर्शन के खड़ी बोली शब्दों को भी हिंदी एवं हरियाणवी शब्दों में पदबद्ध करके अहम भूमिका निभाई है। देश के सुरक्षाबल सीआईएसएफ में ढाई दशक की सेवा और उसके साथ साहित्यिक सफर को लेकर अशोक जाखड़ 'निस्वार्थी' ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया, जिसमें वे मानते हैं कि साहित्य के बिना सामाजिक समरसता की कल्पना करना बेमानी है।

देश की सुरक्षा के प्रहरी की भूमिका निभा चुके हरियाणा के साहित्यकार अशोक कुमार जाखड़ का जन्म 01 जनवरी 1958 को झज्जर जिले के गांव ढाणा में कुडेराम जाखड़ व श्रीमती बसंती देवी के घर में हुआ। उनके पिता साल 1950 के गांव में मैट्रिक पास थे और उन समेत सभी चार भाई सेना व अर्द्धसैनिक बल में सेवारत रहे हैं। परिवार में कोई साहित्यिक माहौल नहीं रहा। अशोक को भी कविता व दोहे बचपन से ही भाते थे। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा के दौरान पाठ्यक्रम में संत कबीर और रहीम के दोहे के साथ क्रांतिकारियों की कविताएं और सांग भजन पढ़ने के साथ रेडियो कार्यक्रमों में पं. लखमीचंद, पं. मांगेराम, शहीद कवि जाट मेहर के भजन व रागनियों का शौक पैदा हुआ। वहीं दूसरी ओर वह बुजुर्गों की चर्चा में रहे ब्रह्मवेता कवि पं. मेहर सिंह साल्हावास झज्जर के नाम से वह बहुत प्रभावित रहे हैं। इसलिए उनका बचपन से ही कवि बनने का सपना था। जब वह नौवीं कक्षा के छात्र थे, तो उन्होंने पांच कविता सत्संग कीर्तन के भजन लिखे और दो भजन एक साधु के आश्रम में सुना दिए। इस पर एक गायक ने उन्हें दूसरे की कविता बताकर फटकार दिया। दसवीं में फेल होने पर उन्होंने सन 1974-75 में पढ़ाई छोड़कर 05 साल तक पशु चराए और खेती का काम किया। अप्रैल 1980 में उनकी शादी हुई और एक दिसम्बर को वह सीआईएसएफ में भर्ती होकर पीटीसी मधुबन करनाल में प्रशिक्षण के लिए चले गए, जहां उन्होंने एक भजन लिखा और दो चार साथियों को सुनाया। प्रशिक्षण के बाद वह पं बंगाल चले गए, तो रागनी कभी कभी बैरक में गा लेते थे। नौकरी में समय मिलते ही वह अपने आपको साहित्य में जोड़ लेते थे। शायद इसी जुनून में उन्हें 20 साल की उम्र में महाकवियों की करीब 300 कविताएं और हरियाणवी भजन कंठस्थ हो गई, क्योंकि इनके काव्य मे पौराणिक, सामाजिक, ऐतिहासिक, परिवारिक, हरिभक्ति और देश भक्ति का मार्ग दर्शन ने उन्हें काव्य शौक और अभ्यास में रचा बसा दिया। हालांकि उनके लेखन का फोकस ईश्वर भक्ति, देशभक्ति, शहीद, क्रांतिकारी, समाजिक बुराई, गौसेवा,नारी दर्शन,पर्यावरण, हिंदी और हरियाणवी सभ्यता और संस्कृति आदि विषयों पर ही ज्यादा रहा है। जब उनकी पोस्टिंग झारखंड में हुई तो वहां यूपी, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा वाले रागनी प्रेमी बहुत मिले। साथियों के कहने से उन्होंने एक श्रृंगार रस की रागनी बनाई, जो सभी को बेहद पसंद आई। बकौल जाखड़ 1986 में उन्होंने किसी तरह मैट्रिक और 1992 में इंटरमिडिएट पास की। नौकरी के दौरान ही रायबरेली(यूपी) के ऊंचाहार में होने वाले कवि सम्मेलनों ने तो उनके अंदर एक क्रांति पैदा कर दी। खासबात ये है कि वे निस्वार्थी राष्ट्रीय समूह ढाणा झज्जर तथा निस्वार्थी हरियाणवी समूह के माध्यम से निरंतर साहित्य की सेवा करने में जुटे हुए हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

अशोक कुमार जाखड़ की प्रकाशित 11 पुस्तकों में प्रमुख रूप से खंड काव्य के अलवा भारत के परम वीर चक्र विजेता, श्रीमदभागवत भजनावली, निस्वार्थी पद गीता, निस्वार्थी गौमाता दर्शन और निस्वार्थी उद्योग पर्व शामिल हैं। दस पुस्तकें प्रकाशन के लिए तैयार हैं, जिनमें गुजरात आपदा विरह इतिहास, पराधीन भारत स्वाधीन भारत, कारगिल विजय अभियान भी लिखी गई हैं। एकल संपादन सांझा संकलन के रुप में 06 और 25 साझा सकलनों में कविताओं का प्रकाशित हुआ है।



अशोक कुमार जाखड़ 'निस्वार्थी'


### पुरस्कार व सम्मान

अशोक जाखड़ को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक संस्थाओं ने साहित्य क्षेत्र में योगदान के लिए अनेक सम्मान दिये हैं। इसमें हरियाणा गौरव सम्मान, काव्य सौरभ सम्मान, श्रीकृष्ण सरल सम्मान, परमवीर सृजन सम्मान, शब्द शिल्पीभूषण सम्मान, समाज पथ-प्रदर्शक सम्मान, पंडित श्री दत्त शर्मा स्मृति सम्मान, चंद्र मति स्मृति साहित्य रत्न सम्मान, क्रान्तिधरा मेरठ साहित्य रत्न सम्मान शामिल है। इसके अलावा उन्हें साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कला संगम अकादमी परियावां प्रतापगढ़ द्वारा विद्या वाचस्पति मानद उपाधि से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम:** अशोक कुमार जाखड़ 'निस्वार्थी'
**जन्म तिथि:** 01 जनवरी 1958
**जन्म स्थान:** ग्राम ढाणा जिला झज्जर
**शिक्षा:** इंटरमिडिएट इलाहाबाद बोर्ड यूपी
**संप्रति:** सेवानिवृत्त एएसआई सीआईएसएफ, स्वतंत्र लेखन

# रहस्यमयी उपन्यास है उंगलियां



पुस्तक समीक्षा | नृपेन्द्र अभिषेक नृप

उपन्यासों की दुनिया में धमाकेदार पदार्पण करने वाली बहुमुखी प्रतिभा की धनी मेघा राठी को महीनों से सोशल साइट्स और पत्र-पत्रिकाओं में अनगिनत कविता, कहानी और आलेख पढ़ते रहें हैं, लेकिन उन्होंने अपने दूसरे उपन्यास 'उंगलियां' द्वारा एक बार फिर से साहित्य में अपना स्थान बुलंद किया है। रहस्य और रोमांच से ओत प्रोत यह उपन्यास सरल, सहज भाषा में लिखी गई उनकी यह पुस्तक वाकई में शानदार है, जो कि पाठकों के मन में पढ़ने की ललक पैदा करती है। इसकी भाषा शैली मन मोह ले रही है। इसकी कहानी मंद मंद गति से नदी की धारा की तरह बहती जाती है, यह बहाव इतना शालीन और सरल है कि पाठकों को बांधे हुए रहता है। कमल और मिहिर की यह कहानी पाठकों के मन को झकझोर देने वाली कहानी है जो कि उपन्यास में चार चांद लगाता है। इसकी भाषा पाठकों के दिल मे उतर जा रही है। उपन्यास में भाषा प्रयोग की दोहरी समस्या होती है। एक तो गद्य की सामान्य प्रकृति के हिसाब से उसे वर्णन करना और दूसरा, उससे अधिक मुश्किल काम है सूक्ष्म और जटिल अनुभव को संप्रेषित करना। भाषा के इस दोहरे धर्म को निबाहने में उपन्यासकार का मुख्य कृतिकर्म निहित है। इसी तरह से ₹उंगलियां₹ की भाषा शैली मन मोह ले रही है।

इस उपन्यास में उपन्यासकार ने मरणोपरांत आत्मा और पुनर्जन्म को विषय बनाते हुए एक बेहतरीन कहानी तैयार की है, जो कि रहस्य, जिज्ञासा, सिहरन, रोमांच, भय और वीभत्स रस की मिश्रित अनुभूति के साथ पाठक कथानक के साथ चलता जाता है। इस उपन्यास को पढ़ने की तैयारी कर रहे हैं तो आप कल्पनाओं के सागर में गोते लगाने के लिए तैयार रहना होगा वरना वास्तविकता के धारा में आपको बहा कर कहानी के किनारे पर ला कर रख देगी। इस उपन्यास में तांत्रिक पूजा और उसकी सामग्री का गहन अध्ययन किया है तभी शब्दों के ताने-बाने से अलौकिक परिदृश्य उत्पन्न करने में सफलता मिली है जहाँ अनेक स्थानों पर पाठक रीढ़ की हड्डी में सिहरन महसूस करता है। इसमें आत्माओं का शरीर में प्रवेश, कर्ण पिशाचिनी विद्या सरीखी जो भयावहता आपका इंतज़ार कर रही है वह तर्क की समझ से परे है। उपन्यासकार ने दांम्पत्य जीवन से आरम्भ कर कथानक को बेहद पेचीदा परिस्थितियों से गुजारा है।

**पुस्तक : उंगलियां**
**उपन्यासकार: मेघा राठी**
**मूल्य : 249 रुपये**
**प्रकाशक : फ्लाई ड्रीम्स**

# प्रेम को परिभाषित करती कविताएं



पुस्तक समीक्षा | प्रवीण प्रियदर्शी


पहले से कहीं ज्यादा कविता संग्रह युवा कवि पंकजोम 'प्रेम' की अनुपम कृति है। कविता संग्रह में प्रेम की अलग-अलग अनुभूतियों एवं उसकी अतल गहराइयों को कवि ने अपनी रचना के माध्यम से प्रस्तुत किया है। इस काव्य संग्रह की कुल 61 रचनाओं में अधिकांश कविताएं प्रेम पर केंद्रित हैं, जो अनेक प्रकार के बिम्बों को प्रस्ततु करती है। लकीरें कविता में कवि का प्रेम के प्रति समर्पण का भाव साफ दिखता है। अब अपने हाथों की/लकीरों को/नहीं देखता मैं/क्योंकि सोचता हूं/सब लकीरें उस आखिरी/मुलाकात में/तेरे हाथों में ही रह गई जैसी पंक्तियों के माध्यम से प्रेम के प्रति समर्पण और उसकी यादों को सहेजने का संदेश कवि देते हैं। वहीं बालकनी कविता में कवि कहते हैं कि मेरे अश्क, अब उन आंखों से, बहते हैं, जो हर पल मेरे दीदार की तलब में डूबी रहती हैं काव्य पंक्तियां आशिक का अपनी प्रेमिका के प्रति अगाध विश्वास को दर्शाता है। मैं एकांत में जब किसी औरत से बात करता हूं तो उसमें ढूंढता हूं वो औरत कविता में समाज की पुरुषवादी कलुषित मानसिकता पर हमला करते हुए एक आदर्श पुरुष के चरित्र को स्थापित करने का प्रयास कवि ने किया है। कवि कहते हैं कि एक सच्चा मर्द इस औरत से कभी नहीं मिलना चाहेगा। कवि ने औरत की मर्यादा की सीमा भी इस कविता के माध्यम से तय करना चाह रहे हैं। औरत की सुचिता के बारे में भी एक परिभाषा प्रस्तुत करने की कोशिश कवि की है। पुस्तक में कई ऐसी कविताएं हैं जो विरह, प्यार में बेवफाई जैसी बातों को स्पष्ट करती हैं। इनमें एक कविता मुझको खोकर खुश तो हो ना में कवि ने प्रेम के बाद बेवफाई को दर्शाया है। कवि का विछोह इस पंक्ति में देखा जा सकता है। बोझ गैर के ख्वाबों का ढो कर खुश तो हो ना, उसकी बांहों में हर शब सो कर खुश तो हो ना/बोलो! बोलो ना, मुझको खोकर खुश तो हो ना जैसी पंक्तियों के माध्यम से कवि ने एक प्रेमी के विरह गीत को गाया है।

पुस्तक में जीवन के विविध रंग देखने को मिलता है, जिसमें इस राखी में भाई बहन के अटूट प्रेम तो शिक्षा का सौदा में सामाजित विद्रुपता पर करारा प्रहार है।

**पुस्तक : पहले से कहीं ज्यादा**
**कवि : पंकजोम 'प्रेम'**
**मूल्य : 299 रुपये**
**प्रकाशक : श्वेतवर्णा प्रकाशन**

## खबर संक्षेप

### इफको की डेलीगेट बनी हीना आंतिल



राई। चंडीगढ़ में इफको की डेलीगेट का चुनाव हुआ। जिसमें आम आदमी पार्टी के शिक्षा सैल के जिलाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल की बेटी हीना आंतिल को डेलीगेट चुनाव गया। उनकी नियुक्ति पर इफको के अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। मास्टर सतनारायण आंतिल ने बताया कि रोहतक व सोनीपत से पहली महिला इफको की डेलीगेट बनी है।

### रंगोली प्रतियोगिता में सरिता ने मारी बाजी



सोनीपत। टीकाराम गर्ल्स कॉलेज में मतदान प्रक्रिया विषय पर इंटर कॉलेज रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे अन्य महाविद्यालयों से आई टीमों ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. संतोष राठी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मतदान प्रक्रिया को प्रतिभागियों ने एक से एक बढ़ कर रंगोली बना कर परदर्शित किया। जिसमें सरिता ने प्रथम, काजल ने दूसरा, निधि और राहुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को कॉलेज प्राचार्या ने बधाई देते पुरस्कार वितरित किए।

### हर घर कांग्रेस के लिए सौंपी जिम्मेदारी



गोहाना। कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने सोमवार को शहर में नए बस स्टैंड के निकट स्थित अपने कार्यालय में हलके के कार्यकर्ताओं की बैठक की। इस बैठक में नरवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी घर घर कांग्रेस-हर घर कांग्रेस अभियान के लिए लगाई। इंदुराज नरवाल ने कहा कि घर घर कांग्रेस-हर घर कांग्रेस अभियान में कोई घर छूटना नहीं चाहिए। कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने गांव के हर घर में कांग्रेस का संकल्प पत्र पहुंचाना है।

### मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में उतरे सफाई कर्मचारी, चौकीदार

### पंचायत भवन से लघु सचिवालय तक रोष प्रदर्शन, जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

सीटू एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित ग्रामीण सफाई कर्मियों, ग्रामीण चौकीदारों एवं जल कर्मचारियों ने पंचायत भवन में इकट्ठा होकर सभा का आयोजन किया। इस दौरान कर्मचारी पंचायत भवन से लघु सचिवालय तक रोष प्रदर्शन करते हुए पहुंचे। यहां पर सीएम के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व संजय, राजेश, देशराज नैन, आनन्द हुड्डा, सोना देवी, राजेश, आनंद शर्मा ने किया। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार ने ग्रामीण चौकीदारों, ग्रामीण सफाई कर्मियों और जल कर्मियों की मोबाइल ऐप पर हाजिरी लगाने का फरमान जारी किया है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एप में दर्शाया है कि तीन दिन तक ऑनलाइन हाजिरी का सत्यापन ग्राम सचिव करेगा, उसके बाद गांव का सरपंच उस एप के माध्यम से वेतन/मानदेय भुगतान की ऑनलाइन सिफारिश करेगा। सरपंच की सिफारिश के बाद सरकार ने जिस प्राइवेट बैंक के साथ करार किया है वह बैंक उपरोक्त कर्मियों एवं चौकीदारों का ऑनलाइन मानदेय भुगतान करेगा। यानी कर्मियों के वेतन/मानदेय का बिल बनाने का प्रावधान अब तक जो बीडीपीओ कार्यालय करता था, वह काम अब सरपंचों के माध्यम से करवाया जाएगा। जिसका कर्मचारियों ने कड़ा विरोध जताया है। सरकार के कदम से ग्रामीण सफाई कर्मियों, चौकीदारों एवं जल कर्मियों में काफी रोष है। क्योंकि इस नई व्यवस्था से ये कर्मी सरपंचों के मनमानी और बेगार का जबरदस्त शिकार होंगे। अगर सरकार ने जबरन ऑनलाइन हाजिरी लगाने का प्रयास किया तो, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, चौकीदार एवं जलकर्मी प्रदेश भर में कड़ा विरोध करते संयुक्त रूप से आंदोलन को तेज करेंगे।



सोनीपत। ई-रिक्शा चालक अपनी मांग रखते हुए। फोटो :हरिभूमि

### ई-रिक्शा चालकों की समस्याएं सुनीं

सोनीपत। हम युवा शक्ति के सदस्यों ने आज हुड्डा ग्राउंड सेक्टर 15 में सोनीपत के ई-रिक्शा चालकों से मुलाकात की। चालकों ने अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। ई-रिक्शा चालकों ने हम संगठन को बताया कि उनको अपने रोजगार कार्य में दैनिक स्तर पर प्रशासन और लोगों के व्यवहार संबंधी कई तरह की बाधाओं और परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन लोगों ने अपनी लाचारगी जाहिर कहा कि ई रिक्शा चालन आर्थिक रूप से कमजोर व्यवसाय होने से उनकी समस्याएं और भी विकराल रूप धारण कर लेती हैं। इसलिए उन्हें अपने व्यवसाय को सुचारु रूप से चलाने के लिए प्रशासन और सरकार से सकारात्मक रवैये और सहायता की सख्त दरकार है। चालकों ने एक ई रिक्शा स्टैंड की मांग की। चालक सचिन ने कहा कि ई रिक्शा वाले अब सामूहिक रूप से अब अपनी मांगे रखेंगे।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करें

- मतदान के प्रति विभिन्न माध्यमों से जगाई जा रही जागरूकता की अलख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। अभियान के तहत हिस्सा लेती जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं।

जीवीएम गर्ल्ज कालेज में लोकतंत्र के पावन पर्व मतदान को लेकर उत्साह की अनूठी झलक देखने को मिल रही है। मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के अंतर्गत बनाये सेल्फी प्वाईंट पर छात्राएं बढ़-चढ़कर सेल्फी लेते हुए मतदान करने का संकल्प ले रही हैं, तो फ्लैश मॉब डांस के जरिये मतदान के लिए जागरूकता की अलख भी जगा रही हैं। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मत का प्रयोग सदैव करें। जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी प्राध्यापिका रूचिका विरमानी ने बताया कि उच्चतर शिक्षा निदेशालय के संयोजन में कालेज में मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत कालेज परिसर में सेल्फी प्वाईंट्स बनाकर छात्राओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। छात्राओं में भी अभियान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। छात्राएं सभी सेल्फी प्वाईंट्स पर सेल्फी लेते हुए मतदान का संकल्प ले रही हैं।



सोनीपत। बैठक में पदाधिकारियों एवं सदस्यगण। फोटो :हरिभूमि

### भाजपा सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की बैठक

सोनीपत। भाजपा सोशल मीडिया की एक बैठक का आयोजन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सुभाष चौक पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश सहसंयोजक तरुण शर्मा द्वारा की गई व पानीपत से सोनीपत लोकसभा सोशल मीडिया प्रभारी रविंद्र पांचाल भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में एसी मोर्चा के प्रदेश प्रभारी कुणाल नाथ माधव सोनीपत सोशल मीडिया जिला सहसंयोजक विकी निश्चल, हरदीप सिंह, अश्वनी वर्मा,अनिल गौड़, राहुल पाराशर, नवीन शर्मा एवं जिला सोशल मीडिया के मोर्चा एवं मंडलों के प्रभारी भी मौजूद रहे।

### हन्नी मार्डन स्कूल के छात्रों ने कौन बनेगा चैंपियन प्रतियोगिता में जीते तीन पदक

राई। बहालगढ़ में स्थित हन्नी मार्डन स्कूल के छात्रों ने कौन बनेगा चैम्पियन में दूसरे राऊंड में 51 छात्रों का चयन हुआ और 3 छात्र हाट सीट के लिए चुने गए। चुने गए छात्रों का स्कूल के निदेशक सतनारायण आंतिल ने स्वागत करते हुए पुरस्कार वितरित किए। मास्टर सतनारायण आंतिल ने बताया कि हाट सीट के लिए चुने गए तीन छात्रों में प्रिंस ने प्रथम, हर्ष व अक्षत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निदेशक सतनारायण आंतिल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल में समय- समय पर विभिन्न तरह की प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाता है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति किया जागरुक

- ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई




राई। सेवा योजना शिविर का शुभारम्भ करते प्राचार्या डॉ. सगीता सपरा।

ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. संगीता सपरा ने किया। कार्यक्रम अधिकारी अंकित ने मुख्यातिथि व गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।

स्वयं सेविकाओं के द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी अंकित ने सात दिवसीय शिविर के दौरान की जाने वाली गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्राचार्या ने स्वयं सेविकाओं को एनएसएस का महत्व बताया तथा निस्वार्थ भाव से समाज के कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। प्रोफेसर ज्योति दहिया के द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर युवाओं को देश हित में वोट देने के लिए जागरूक किया गया। स्वयंसेविकाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर एवं स्लोगन लेखन का कार्य भी किया गया। शिविर के शुभारंभ के अवसर पर डा. कोमल वर्मा सहायक प्रोफेसर, डा.अनुप्रिया सहायक प्रोफेसर, डा. मनोज दहिया सहायक प्रोफेसर, संगीता, कमला, डा.अजय दहिया सहायक प्रोफेसर के अलावा कालेज का स्टाफ मौजूद था।

# बार एसो.ने कुनाल कैलिस टाइटंस को हराया

### चेयरमेन दीपक गोयल ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान की

- टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने भाग लिया और तीस मैच खेले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। चैयरमेन दीपक गोयल विजेता टीम को ट्राफ देते हुए। फोटो :हरिभूमि

यूनिक क्रिकेट स्टेडियम शेखपुरा, गन्नौर में खेले गए यूनिक विंटर कप क्रिकेट टूनार्मेंट में हुए रोमांचक फाइनल मैच में बार एशोसिएशन सोनीपत ने कुनाल कैलिस टाइटंस को 2 विकेट से हरा दिया, टॉस जीतकर पहले खेलते हुए कुनाल कैलिस टाइटंस टीम के हिमांशु के 36 व रूपेश के 34 रनों मदद से 176 रन बना बनाए।

बार एशोसिएशन के कप्तान विवेक गौड़ ने 3 तथा संदीप, शिवम और टीपू ने 2-2 विकेट लिये, लक्ष्य का पीछा करते हुए शिवम के विजित 72 रनों के बदौलत 19.1 ओवर में 180 रन बना कर टूनार्मेंट जीत लिया, नीटू चोपड़ा ने 3 विकेट लिए, शिवम मैन ऑफ द मैच व नीटू चोपड़ा मैन ऑफ द सीरीज रहे, टूनार्मेंट में करनाल टीम के शुभम ने 387 रन व बार एशोसिएशन के टीटू ने 307 रन तथा नीटू चोपड़ा 12 विकेट व विवेक गौड़ 11 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ रहे, आदित्य राठी श्रेष्ठ क्षेत्र रक्षक चुने गए, इस टूनार्मेंट में कुल 12 टीमों ने भाग लिया और 30 मैच खेले गए। फाइनल मैच में यूनिक स्टेडियम के चैयरमेन दीपक गोयल ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान की। इस अवसर दिनेश धनखड़, सुरेश पंघाल, सीटू, धर्मेन्द्र, रविंद्र, विजय राणा, दीपक मलिक, सतेंद्र पहल, नवीन पंघाल, दीप धनखड़, अंकुश सैनी अंपायर, सलीम, सोमबीर, प्रदीप मलिक,अरूण मलिक आदि मौजूद थे।

# गहलावत खाप ने जताया आभार

- पुत्रवधू को टिकट मिलने पर पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत को बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



ज्योति मिर्धा को भाजपा टिकट मिलने पर आभार जताते गहलावत खाप पदाधिकारी।

ऑल इंडिया गहलावत खाप की विशाल सभा बाबा शोभनाथ चबूतरे पर हुई। जिसमें खाप प्रधान दयानंद गहलावत ने खाप की तरफ से पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत की पुत्रवधू डा.ज्योति मिर्धा को नागौर से बीजेपी लोकसभा का उम्मीदवार बनाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा व केन्द्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। वहीं फोन पर पूर्व मंत्री कृष्णा को भी बधाई दी। सभा में निर्णय लिया कि वे अपनी बहु डॉ ज्योति मिर्धा गहलावत का तन मन धन से सहयोग करते हुए भारी मतों से जीत दिलाने का काम करेंगे। नागौर में खाप के पदाधिकारी डेरा डालकर उनके पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। सभा में खाप प्रधान दयानंद गहलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि डा. ज्योति मिर्धा ने बहुत से ऐसे कार्य किए, जिनके कारण उन्हें भारी बहुमत से नागौर की जनता अपना आशीर्वाद देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में ज्योति मिर्धा को एक ही दिन में बड़ा पद देने के साथ भाजपा का टिकट भी दिया। इस अवसर पर अठगामा प्रधान सतबीर नंबरदार, मित्राऊ दिल्ली प्रधान, खानपुर खोलडा भिवानी प्रधान, पचगांव के प्रधान रणबीर सिंह, सभी 42 गांव के सरपंच, पूर्व सरपंच व गणमान्य लोग मौजूद थे।




सोनीपत। प्रदर्शनी के दौरान अपनी कलाकारी दिखाते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

सोनीपत। शिव मॉडर्न स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी मेला में मुख्यातिथि हरियाणा संयुक्त विद्यालय संघ के अध्यक्ष विजेंद्र मान एवं एससीआर हैरिटेज स्कूल, पानीपत की प्रधानाचार्या सुनीता मान रहे। इस आयोजन में कक्षा प्रथम से नौंवी एवं ग्यारवीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत कलाकारी का अनुपम प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी में विज्ञान के साथ-साथ विभिन्न विषयों के भी मॉडल तैयार किए। विद्यालय की निदेशिका सुनीता ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। हरियाणा संयुक्त विद्यालय संघ सोनीपत के प्रधान एवं विद्यालय के चेयरमैन अजमेर सिंह ने प्रदर्शनी के लिए सभी की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# सरकार की नीतियों के प्रति किया जागरुक

- विभिन्न गांवों में नमो युवा चौपाल कार्यक्रमों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। गांव सोहटी में युवा चौपाल में शिरकत करते युवा। फोटो :हरिभूमि

भाजपा के युवा मोर्चा द्वारा खरखौदा के विभिन्न गांवों में नमो युवा चौपाल के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें नव मतदाताओं को भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के बारे में युवाओं अवगत कराया गया। युवा चौपाल के प्रोग्राम युवा मोर्चा द्वारा भिन्न-भिन्न बूथों पर करवाए जा रहे है। युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रवीन दहिया ने कार्यक्रमों की अध्यक्षता की। नमो युवा चौपाल के मुख्य अथिति के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अक्षित दहिया रहे। जिन्होंने युवा साथियों को जोश के साथ नई दिशा चलने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस शासन में कैसे पैसे देकर नौकरी मिलती थी। जबकि अब भाजपा सरकार नीत गठबंधन सरकार बिना पर्ची खर्ची के युवाओं को आगे बढ़ने का मौका दे रही है। कल 5 जगह युवा चौपाल के माध्यम से युवा साथियों को युवा मोर्चा में जोड़ा गया। दो युवा चौपाल खरखौदा में आयोजित की जिसके संयोजक मंजीत भोला और आयोजक मंजीत भारती रहे। दूसरी चौपाल के संयोजक ओम शर्मा रहे और आयोजक कमलजीत रहे। युवाओं को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रीतम खोखर का मार्गदर्शन मिला। इस युवा चौपाल में मुख्य रूप से मोहित, कर्मजीत आदि मौजूद रहे।

# 200 छात्रों ने देखी प्रयोगशालाएं

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढावा देने के लिए ओपन हाउस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हए कुलपति साथ में अन्य।

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढावा देने के लिए ओपन हाऊस का आयोजन किया। ओपन हाऊस के तहत कॉलेज व स्कूल के लगभग 200 विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाएं व रोबोटिक लैब आदि को देखा। विश्वविद्यालय की तरफ से पारंपरिक भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढावा देने के लिए ओपन हाऊस का आयोजन किया गया था। ताकि हमारे युवाओं के अंदर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में उनकी रूचि बढे तथा वे इस क्षेत्र में शोध कार्य करें। ओपन हाऊस के कंवीनर डा. प्रदीप सिंह ने कहा कि ओपन हाऊस के तहत विवि में 200 विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के केमिस्ट्री,फिजिक्स, मैथ, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग व इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग, सिविल इंजीनियरिंग व उनकी प्रयोगशालाओं,रोबोटिक लैब, वर्कशॉप व पुस्तकालय आदि को देखा। विज्ञान के विद्यार्थियों ने भारतीय पारंपरिक विज्ञान एवं तकनीकी व भारतीय महिलाओं व अन्य वैज्ञानिकों का विज्ञान के क्षेत्र में योगदान पर पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। पोस्टर प्रदर्शनी में वैज्ञानिकों के जीवन वृत्त के बारे में भी बताया गया था।

### श्रवण दिवस के अवसर पर निकाली जागरुकता रैली

# ईयर फोन के ज्यादा इस्तेमाल से बचे: डॉ. स्वराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। रैली को हरीझड़ी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो :हरिभूमि

एनपीपीसीडी कार्यक्रम के तहत विश्व श्रवणदिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जागरूकता रैली का आयोजना किया है। अस्पताल परिसर में जागरूकता रैली को हरीझंडी दिखाकर जिला नोडल अधिकारी व उनकी टीम ने रवाना किया है। रैली शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए वापिस अस्पताल में आकर समाप्त हुई।

जिला नोडल अधिकारी डा. स्वाराज चौधरी ने बताया कि विभाग की तरफ से मिले दिशा-निर्देशों पर समय-समय पर लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाता है। विभाग की तरफ से श्रवण दिवस पर डीईआईसी कर्मचारियों के साथ स्थानीय लोगों के साथ रैली का आयोजन किया गया है। उक्त रैली नागरिक अस्पताल परिसर से शुरू हुई। उसके बाद शहर के मुख्यमार्ग अग्रसेन चौक, विवेकानंद चौक, सेक्टर-15 व 14 से होते हुए सिविल अस्पताल परिसर में समाप्त हुई। रैली के दौरान रूचि स्पेशल स्कूल के छात्र व छात्राओं ने हिस्सा लिया। डा. स्वराज ने कहा कि कान हमारे शरीर का बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है। अपने कानों की देखभाल करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। कान की समस्याएं अलग-अलग कारणों से हो सकती है। जैसे कि कान का बहना, तेज ध्वनी के उपकरणों का इस्तेमाल करना, बिना डा. की सलाह के दवा लेना, जन्म से ही सुनने की क्षमता का विकास न होना, अगर ऐसी कोई भी समस्या होती है, तो उन्हें कान चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए। जिन बच्चों में सुनने की क्षमता जन्म से ही नहीं होती, उनके लिए कोकलियर इम्पलाइंट होता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ईयर फोन के ज्यादा इस्तेमाल से बचे और समय-समय पर अपने कानों की जांच कराएं।

## खबर संक्षेप



### 5 महिलाओं समेत 89 ने किया रक्तदान

**गोहाना।** सोमवार को भागराम ट्रस्ट द्वारा शहर के टी प्वाइंट पर स्थित भगवान परशुराम चौक में अपना साप्ताहिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में 5 महिलाओं समेत 89 नागरिकों ने रक्तदान किया। रक्त के संकलन के लिए सोनीपत के रोटरी ब्लड सेंटर से डॉ. वीके स्मिथ की टीम पहुंची। संयोजन 224 बार के रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास ने किया। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गंगनेजा ने की। मुख्य अतिथि समाजसेवी सोमनाथ तनेजा रहे। महिला रक्तदाता पुष्पा पंवार, नीतू सैनी, पूनम, किरण आर्य और मीना आर्य रहीं।

### 31 मार्च को जश्न मनाएगा फाउंडेशन

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 12 स्थित कम्युनिटी सेंटर में रविवार शाम को स्प्रेड स्माइल के सदस्यों की बैठक का आयोजन आरके गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया।

इस दौरान यह निर्णय लिया गया की आने वाली 31 मार्च रविवार को एक कार्यक्रम के रूप में एक शाम स्प्रेड स्माइल के नाम से 5 वर्षो के इस प्रयास का जश्न मनाया जाएगा। स्प्रेड स्माइल द्वारा चलाई जाने वाली तीनों पाठशाला सेक्टर 12, सेक्टर 15 व बस स्टैंड से सभी मिला कर 400 बच्चे उपस्थित होंगे। सेक्टर 12

### छात्राओं को साइबर अपराध से बचने के तरीके बताए

**गोहाना।** सोमवार को बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के विधि विभाग के कानूनी सहायता केंद्र द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिला अधिकार जागरूकता साप्ताहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षा विभाग में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कानूनी सहायता केंद्र की समन्वयक डॉ.अलका भारती ने छात्राओं को साइबर अपराध एवं उनसे बचने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। विधि विभाग की पी.एच.डी. शोधार्थी रश्मि ने महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध हो रहे साइबर क्राइम के प्रकारों एवं इसके लिए बने कानूनों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

## किसान बोले, जब मुआवजे की बारी आई तो कम्पनी ने पॉलिसी की रद्द

# सुध न लेने से नाराज, पर मुआवजा मिलने तक धरना जारी रखने पर अड़े किसान



**गोहाना।** 36वें धरने के प्रदर्शन पर नारेबाजी करते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

### किसानों का गोहाना का धरना 29 जनवरी तक बिना ब्रेक जारी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

36 दिन हो गए हैं किसानों को लघु सचिवालय में जिला स्तर के धरने पर बैठे हुए। वे सरकार द्वारा अपनी सुध न लिए जाने से नाराज हैं। किसानों ने दोहराया कि जब तक उनको उनकी खराब हुई फसलों का मुआवजा नहीं मिल जाएगा, तब तक वे धरना जारी रखेंगे। धरने का नेतृत्व भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल कर रहे हैं। किसानों का गोहाना का धरना 29 जनवरी तक बिना ब्रेक जारी है। रविवार समेत सभी छुट्टियों पर भी इस धरने को विराम नहीं दिया जा रहा है। यह धरना गोहाना का लोकल न हो कर पूरे सोनीपत जिले का है।

किसानों का जिलास्तरीय धरना पी.एम. फसल बीमा योजना में रिलायंस कम्पनी की भूमिका के खिलाफ है। किसानों का आरोप है कि जब खराब फसलों का मुआवजा देने की बारी आई, तब रिलायंस कम्पनी ने उनकी पॉलिसी ही रद्द कर दीं तथा केवल प्रीमियम वापस कर मुआवजे का भुगतान रोक लिया। किसान इस प्रकरण में प्रदेश के कृषि सलाहकार की भूमिका से बिदके हुए हैं। उनका कहना है कि जिला स्तर की अपील को किसान जीत चुके हैं, लेकिन राज्य स्तर की अपील को कृषि सलाहकार दबा कर बैठे हैं। अपील का फैसला एक महीने में देना है, पर एक साल से अधिक वक्त बीत चुका है।

सोमवार को धरने के 36वें दिन प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल ने रोष व्यक्त किया कि सरकार और प्रशासन किसानों के आंदोलन की अनदेखी कर रहे हैं जो उन्हें बहुत महंगी पड़ेगी।

उन्होंने कहा कि किसानों की सुनवाई करना दूर, उनकी सुध तक नहीं ली जा रही है। धरने पर राजमल मलिक, बिजेंद्र दलाल, रमेश मदीना, बिजेंद्र मदीना, राकेश नरवाल, सुभाष दलाल, राजेंद्र मलिक, बिजेंद्र मदीना आदि भी बैठे।

### ओलावृष्टि से हुए नुकसान के मुआवजे के लिए क्षेत्र के किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**खश्रखोदा।** विधायक की उपस्थिति में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान।

**खरखौदा।** खरखौदा क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि के कारण बड़े पैमाने पर फसलें खराब हुई हैं। विभिन्न गांवों के किसान सोमवार को बारी-बारी से एसडीएम कार्यालय में पहुंचते रहे और क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजे की मांग करते रहे। इसी मुद्दे पर क्षेत्र के किसान स्थानीय परशुराम पार्क में एकत्रित हुए और वहां से एसडीएम कार्यालय पहुंचे और कार्यालय पार्क में डेरा डाला। किसानों ने विधायक जयवीर वाल्मीकि व पूर्व विधायक सुखवीर फरमाना की मौजूदगी में एसडीएम ज्योति मित्तल को ज्ञापन सौंपा और अपनी मांगे रखी। मांग उठा रहे किसानों में ऐसे किसान भी शामिल थे जिन्होंने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पहले अपलोड नहीं किया है। ये वो किसान हैं जो गेहूं, सरसों या कृषि उत्पाद मंडी में नहीं ले जाते हैं। इसके विपरित वे अपने घर के लिए ही खाद्यान्न का प्रयोग करते हैं। इस तरह के एक दो या तीन एकड़ से संबंधित किसान बड़ी संख्या में हैं। अब उनके लिए समस्या उत्पन्न हो गई है। ऐसे किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए पोर्टल को नए सिरे से खोले जाने की मांग की जा रही है। जिससे वे भी अपनी फसल का ब्यौरा दर्ज करा सकें और क्षति पूर्ति के लिए भी आवेदन दे सकें। ऐसे भी किसान हैं जिन्होंने 5 एकड़ से अधिक जमीन पर खेती की हुई है। लेकिन अब सरकार केवल 5 एकड़ तक ही नुकसान की भरपाई के लिए पोर्टल पर ब्यौरा देने का प्रावधान है। ऐसे में उनकी चिंता है कि बाकी जमीन के नुकसान का मुआवजा कैसे मिलेगा। मांग उठाई गई है कि सरकार ऐसी योजना बनाए कि जो भी फसल खराब हुई है, सारी की सारी फसल का मुआवजा मिल सके। किसानों ने यह भी मांग रखी है कि बहुत से काश्तकार ऐसे हैं जो पट्टेदार, बटाई या ठेके पर फसल उगाते हैं, किंतु मुआवजा बनता है वह भूमि मालिक के खाते में चला जाता है । ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए कि जिसने फसल उगाई हुई है मुआवजा उसी के खाते में जाए। किसानों की मांग है कि पटवारी व गिरदावर जब गिरदावरी करने के लिए खेतों में आते हैं, तो वे खेतों में ना जाकर किसी व्यक्ति विशेष के घर में बैठकर या किसी की दुकान पर बैठकर खानापूर्ति कर देते हैं। जिससे पात्र किसान भी मुआवजा से वंचित रह जाते हैं।

मार्केट न्यूज

### शेयरखान और पी आर कैपिटल इन्वेस्टमेंट द्वारा सोनीपत में सेमिनार का आयोजन



**सोनीपत।** शेयरखान और पी आर कैपिटल इन्वेस्टमेंट द्वारा सोनीपत में शेयर बाजार के प्रति लोगो को जागरूक बनाने के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया. जिसमे पी आर कैपिटल के फाउंडर रविंद्र भारद्वाज ने शेयर बाजार में निवेश के लाभ और तरीके बताए. रवींद्र भारद्वाज ने बताया कि आने वाले समय में भारतीय शेयर बाजार अच्छी वृद्धि दिखाएंगे जिसका फायदा निवेशकों को उठाना चाहिए. 2047 तक सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था का लक्ष्य 45 ट्रिलियन डॉलर रखा है जो अभी 4 ट्रिलियन डॉलर हैं ऐसे ही हमारे शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनी की वैल्यू भी लगभग समान है. हमारे देश की अर्थव्यवस्था आज पूरे विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और शेयर बाजार देश की अर्थव्यवस्था को ही दर्शाते है. उनके अनुसार आने वाले सालों में शेयर बाजार सबसे ज्यादा मुनाफा देने वाला विकल्प साबित हो सकता है. पिछले कुछ सालों में आम निवेशक का रुझान शेयर बाजार में बढ़ा है और अच्छा लाभ भी हो रहा है. रवीन्द्र भारद्वाज ने बताया कि एक निवेशक को बाजार में लंबी अवधि के निवेश की मंशा से ही आना चाहिए और छोटी अवधि के उतार चढ़ाव से घबराना नहीं चाहिए. कम समय में ज्यादा रिटर्न के लालच में ना जाकर मजबूत फंडामेंटल वाली कंपनी में निवेश करना चाहिए. पोर्टफोलियो में विविधता बहुत जरूरी है और अपने लक्ष्य के अनुसार ही रिस्क समझकर निवेश क्रेना चाहिए. शेयर बाजार में प्रवेश करने के लिए म्युचुअल फंड और मंथली सिप भी एक अच्छा तरीका है जिससे एक छोटे से निवेश से अपने वित्तीय लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलती है. दूसरे देशों के मुकाबले भारत में अभी बहुत कम लोग शेयर बाजार का ज्ञान रखते है जिस कारण इसमें निवेश करने से कतराते है जबकि हम देखे तो पिछले 20-30 सालों से शेयरबाजार ने अच्छी वृद्धि दी है इसलिए पी आर कैपिटल इन्वेस्टमेंट पिछले 16 वर्षो से सोनीपत में लोगो को जागरूक बनाने का कार्य कर रही है ताकि आने वाले समय में सोनीपत के लोग भी इसमें निवेश करके लाभ कमा सके।

### धार्मिक आयोजन से बढ़ता भाईचारा: कादियान



**गन्नौर।** महर्षि वाल्मीकि मंदिर में समिति के सदस्य देवा समाजसेवी देवेंद्र कादियान का कार्यक्रम में स्वागत करते हुए।

**गन्नौर।** गांव शाहपुर तगा स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर एवं आश्रम निर्माण समिति की ओर से रविवार को बसंत तु सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एंव समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उन्हें मोटरसाईकिलों के काफिले के साथ मन्दिर तक लेकर गए और फूलमाला व पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया। कादियान ने सबसे पहले महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग होने पर पूजा कर विशाल भंडारा लगाया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने लोगों को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने मंदिर समिति द्वारा करवाए गए धार्मिक कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन लोगों में आपसी भाईचारा प्रेम का बढ़ावा देते है।

## वीरेंद्र आर्य ने भाजपा नेताओं को भेजा अयोध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



**गोहाना।** वीरेंद्र आर्य अयोध्या जाने वाले भाजपा नेताओं की बस को झंडी दिखाते हुए।

गोहाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र आर्य ने रविवार की रात को गोहाना विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेताओं को अपने खर्च से अयोध्या भेजा। आर्य ने अपने निवास से बस को झंडी दिखा कर रवाना किया। भाजपा नेता वहां नवनिर्मित मंदिर में राम लला के दर्शन और सरयू नदी में स्नान करेंगे।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र आर्य और उनके पिता ठेकेदार जय सिंह, जो स्वयं भी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं, का परिवार 26 फरवरी से अयोध्या में भंडारे का आयोजन कर रहा है। यह आयोजन वहां राम घाट चौराहे के निकट और हनुमान गुफा के सामने पंचवटी आश्रम में किया गया है। यह भंडारा 10 मार्च तक चलेगा। अब गोहाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र आर्य ने गोहाना विधानसभा क्षेत्र के तीनों मंडलों के नेताओं को अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए बस से भेजा है। इस यात्रा का सम्पूर्ण व्यय वीरेंद्र आर्य व्यक्तिगत रूप से स्वयं वहन करेंगे। अयोध्या की तीर्थ यात्रा पर गए भाजपा नेताओं की टीम में गोहाना भाजपा मंडल के अध्यक्ष सुमित कक्कड़, खानपुर कलां भाजपा मंडल के अध्यक्ष संजय जांगड़ा और मोहाना भाजपा मंडल के अध्यक्ष मुकेश सैनी भी हैं। उनके साथ डॉ. ओम प्रकाश शर्मा, मोहित वाल्मीकि, साहिल जांगड़ा, अजय मलिक, रामपाल मलिक, महावीर गुप्ता, सूरजमल छपरा, सत्य नारायण गुप्ता, नरेश चानना आदि भी गए हैं।



**सोनीपत।** राजेश कुमार दहिया को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए जिलाध्यक्ष एवं अन्य।

### राजेश दहिया को बनाया लीगल एडवाइजर

**सोनीपत।** भाजपा ने डॉ. राजेश कुमार दहिया को किसान मोर्चा लीगल एडवाइजर नियुक्त किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए राजेश कुमार दहिया को शुभकामनाएं दी। राजेश दहिया ने कहा कि हमेशा की तरह किसानों की समस्याएं उठाने का काम करेंगें।

## सनातन धर्म सामाजिक संरचना, आत्म-विकास, परम्पराओं का संरक्षक : बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



**गन्नौर।** विधायक मोहनलाल बड़ौली व उनकी धर्मपत्नी गीता हवन यज्ञ में आहुति डालते हुए साथ में भाजपा नेता निशांत छौक्कर।

राई विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि सनातन धर्म सदैव अग्रणी है, वर्तमान समय में अति आवश्यक है। सनातन धर्म सामाजिक संरचना, आत्म-विकास एवं परम्पराओं का संरक्षक है। समर्थ नेतृत्व के साथ जीवनशैली और समृद्ध संस्कृति के रूप में भी इसे समझने की आवश्यकता है। विधायक मोहन लाल बड़ौली ने सोमवार को अपनी पत्नी गीता कौशिक व भाजपा नेता निशांत छौक्कर के साथ सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव में शिव स्तोत्र महायज्ञ में आहुति डालने के बाद संबोधन में कहा कि युवाओं को वैदिक परंपराओं को, वेदों की शिक्षाओं को समझना है, व्यवहार में लाना जरूरी है। क्योंकि सनातन धर्म ही समाज को सुरक्षित एवं संगठित कर जीवन जीने की दिशा निर्धारित करता है। सिद्धपीठ सतकुंभा धाम तीर्थ के पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरूप महाराज ने कहा कि सिद्धपीठ पर सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव 2024 में सोमवार को हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल की ओर से आए रवि सांपला एवं उनके साथी कलाकारों ने संगीतमय भक्त रस की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।

### अंग्रेजी वर्तनी लेखन प्रतियोगिता में केशव प्रथम, अक्षत द्वितीय

गोहाना। गोहाना-सोनीपत मार्ग पर स्थित बड़ौता गांव के गवर्नमेंट कॉलेज में सोमवार को अंग्रेजी वर्तनी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीए के द्वितीय वर्ष के छात्र केशव को प्रथम, इसी कक्षा के छात्र अक्षत को द्वितीय घोषित किया गया। तृतीय स्थान पर बी.ए. के प्रथम वर्ष का छात्र परम रहा। प्रतियोगिता की अध्यक्षता कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. सुदेश लाठर ने की। प्रतियोगिता का संयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सरिता मलिक, ज्योति रानी और साहिल सभरवाल ने किया। प्रिंसिपल डॉ. लाठर ने प्रतिभागी बच्चों को अंग्रेजी भाषा और इस की वर्तनी प्रतियोगिता में भाग लेने के लाभों की जानकारी दी। डॉ. सरिता मलिक ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेने से आत्मविश्वास में वृद्धि होती है तथा इससे योग्यता उत्तरोत्तर निखरती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अधिकतम प्रतियोगिताओं में भाग लेने का प्रयास करना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## पारितोषित वितरण समारोह धूमधाम से मनाया

- उपप्रधानाचार्य सिद्धार्थ शर्मा व प्रीति शर्मा ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर




**गन्नौर।** उपप्रधानाचार्य सिद्धार्थ शर्मा व प्रीति शर्मा मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित करते हुए।

शाश्वत चेतना स्कूल का पारितोषित वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में स्कूल के उप प्रधानाचार्य सिद्धार्थ शर्मा ने दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम की शुरूवात छात्राओं द्वारा दुर्गा-स्तुति से की गई। इसके बाद रंग बिरंगी वेश भूषाओं के साथ छात्राओ ने पंजाबी गिद्दा व छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में हरियाणवी संस्कृति की अनोखी झलक देखने को मिली। छात्रों ने शिक्षाप्रद नाट्यरूपक व छोटी बच्ची की श्रीराम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। कार्यक्रम में शिक्षा व खेल के क्षेत्र में विभिन्न पद प्राप्त करने वाले छात्रों को ट्रॉफी एंव मेडल से सम्मानित किया गया। अभिभावकों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ करवाई गई। कार्यक्रम के समापन पर दर्शन शर्मा, प्रीति शर्मा ने अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उपप्रधानाचार्य सिद्धार्थ शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल के छात्रों को शिक्षा के साथ- साथ संस्कार भी दिए जाते है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि परीक्षाओं का समय नजदीक आ गया है। सभी छात्र मेहनत लग्न से कार्य करे। मेहनत से कार्य करने वाले छात्रों को जीवन में जरूर सफलता मिलती है।

### जी टी रोड की सर्विस लेन से टाटा गाड़ी चोरी, केस

**गन्नौर।** जी टी रोड के पास स्थित गढ़ी कला गांव से सर्विस लाइन पर खड़ी टाटा लोडिड गाड़ी को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत गाड़ी के चालक ने पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद चोरी का मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गढ़ी कला गांव के बिलाल ने बताया कि 3 मार्च की रात को करीब 12 बजे अपनी गाड़ी को खाली करने के बाद गढी कला मस्जीद के सामने सर्विस लेन खडी की थी और खड़ी करके घर पर चला गया था। शिकायत में बताया कि सुबह 6 बजे जब गाड़ी लेने के लिए आया तो गाड़ी खड़ी नही मिली। उसके बाद मस्जीद के सामने लगे कैमरे को चैक किया तो देखा कि कैमरे मे एक सफेद रंग की गाड़ी वहा पर आई जो कैमरे से आगे निकल कर गई।

## मोदी ही भाजपा है, भाजपा ही मोदी है



**गोहाना।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए पं. उमेश शर्मा। फोटो : हरिभूमि

**गोहाना।** पीएम नरेंद्र मोदी ही भारतीय जनता पार्टी हैं। भाजपा ही मोदी है। सोमवार को यह टिप्पणी भाजपा के नए प्रदेश सचिव पं. उमेश शर्मा ने की। उन द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में पत्रकारों ने उनसे सवाल किया था कि गारंटी मोदी की क्यों, भाजपा की क्यों नहीं। होली मिलन समारोह गोहाना-खरखौदा मार्ग पर स्थित अपने फार्म हाउस पर आयोजित हुआ। उन्होंने कहा कि टिकट बांटना या काटना हाई कमान के हाथ है, हमारा काम केवल पार्टी के झंडे को बुलंद करना है। भाजपा के नए प्रदेश मंत्री सोनीपत संसदीय सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। इसी सीट से स्वयं के दावेदार होने के बारे में पं. उमेश शर्मा ने कहा कि हाई कमान जिस किसी का कमल का फूल थमाएगा, पूरी पार्टी एक अनुशासित सिपाही की तरह से तन-मन-धन से उसकी मदद करेगी। भाजपा के नए प्रदेश सचिव ने कहा कि पार्टी का एकमात्र लक्ष्य एक बार दोबारा से प्रदेश की सभी दस की दस सीटों पर कमल खिलाने का है। पार्टी किस को प्रत्याशी बनाती है, इससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि उसकी जीत सुनिश्चित करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रहने दी जाएगी। उनके अनुसार यह भाजपा ही है जो आखिरी कतार में बैठे अपने किसी सबसे छोटे कार्यकर्ता को चुनाव लड़ने का मौका दे देती है। पार्टी किसी भी कार्यकर्ता की तपस्या को व्यर्थ नहीं जाने देती।



**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल का गोल्ड मेडल विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी शुभम प्राचार्या गीता चोपड़ा व कोच साहिल के साथ।

### शुभम ने इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप में जीता एकल खिताब

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के तीसरी कक्षा के छात्र शुभम ने पिछले दिनों सोनीपत में आयोजित इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप के अंडर-12 आयु वर्ग में एकल खिताब जीतकर गोल्ड मेडल हासिल किया। बैडमिंटन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय देने वाले खिलाड़ी का स्कूल में स्वागत किया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने शुभम को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि शुभम एक प्रतिभाशाली बैडमिंटन खिलाड़ी है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर अध्यापिका नमिता, सीमा, काजल, निशा, गीता राणा, रेखा जैन, ज्योति, खेल इंचार्ज संजीत, बैडमिंटन कोच साहिल आदि ने भी शुभम को शुभकामनाएं दीं।

### छात्राओं ने अपने बेहतर प्रदर्शन से विवि को गौरवान्वित किया

## सांस्कृतिक महोत्सव में तृतीय रहा महिला विवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



**गोहाना।** पुरस्कार विजेता छात्राएं वीसी प्रो. सुदेश के साथ। फोटो : हरिभूमि

बीपीएस महिला विश्वविद्यालय छात्राओं ने केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव स्पंदन में विविध स्पधाअरं में बेहतर प्रदर्शन करते हुए विभिन्न पुरस्कार प्राप्त किए हैं। महिला विश्वविद्यालय की टीम ने ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त किया।

महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो सुदेश ने सोमवार को विजेता छात्राओं व अन्य टीम सदस्यों को बधाई व शुभकामनाएं दी। वी.सी. ने कहा कि इन छात्राओं ने अपने बेहतर प्रदर्शन से विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्राओं को और अधिक ढांचागत व्यवस्था तथा सुविधाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत है। रजिस्ट्रार प्रो. नीलम मलिक ने भी सभी टीम सदस्यों की हौसला अफजाई की।

महिला विश्वविद्यालय की 45 छात्राओं के दल ने सोलो गीत, ग्रुप सांग, हरियाणवी आर्केस्ट्रा, नृत्य, स्किट, मिमिक्री, माइम, वन एक्ट प्ले, हिंदी व अंग्रेजी कविता, पेंटिंग, रंगोली, कार्टूनिंग, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी आदि में भाग लिया और 14 विधाओं में पुरस्कार जीते। इस अवसर पर डीन, छात्र कल्याण प्रो श्वेता हुड्डा, युवा एवं सांस्कृतिक मामलों की निदेशक डॉ सुषमा जोशी और विजेता छात्राएं उपस्थित रही।